जागरण

# नकली कीटनाशक करोबार का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

Publish Date:Tue, 23 Apr 2019 06:21 AM (IST)

उं कृषि रक्षा रसायनों का कारोबार चल रहा है। इससे पूर्व में भी कई बार कृषि विभाग की टीम की ओर से छापामारी की गई है। ठोस कार्रवाई न होने से दुकानदार किसानों को लूट ही नहीं रहे प्रति

संसू, बहराइच : नानपारा कोतवाली क्षेत्र में नकली कीटनाशक दवाओं की बिक्री का भंड़ाफोड़ हुआ है। कंपनी की शिकायत पर पुलिस व कृषि विभाग की टीम ने गोदाम व दुकान पर छापामारी की। इस दौरान भारी मात्रा में नकली दवाएं व प्रतिष्ठित कंपनी का रैपर डंप मिला। जांच में दवाएं नकली होने व फर्जी पैकिग कर किसानों के साथ धोखा करने का खुलासा हुआ है। आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। दवाओं का सैंपल भी जांच के लिए भेजा गया है।

बिहार के मधुबनी में स्थित पीआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड नोमनी गोल्ड नाम की कीटनाशक उत्पाद की बिक्री करती है। प्रतिष्ठित कंपनी की दवा कारगर न होने की शिकायतें किसानों की ओर से की जा रही थी। इस पर कंपनी ने जांच अधिकारी रंजीत कुमार को आपूर्ति की गई दवाओं की गुणवत्ता जांच के लिए बहराइच भेजा। जांच में किसानों की शिकायत सही पाई गई। इस पर कृषि विभाग व नानपारा पुलिस ने शिवपुर रोड पर संचालित संजय कुमार की दुकान व गोदाम पर छापामारी की। यहां डंप नकली दवाएं व रैपर को देखकर अधिकारी दंग रह गए। गोदाम से 130 बोतल खाली प्लॉस्टिक की बोतल, 725 रैपर लगी बोतल, 200 व 100 मिली दवा की बोतल, 330 पीस नोमनी गोल्ड के रैपर व मुहरें बरामद की गईं हैं। बोतल व रैपर पर इंडस्ट्री व नोमनी गोल्ड का नाम अंकित पाया गया है। रंजीत कुमार की तहरीर पर आरोपित संजय कुमार पर ट्रेड मार्क अधिनियम व कॉपी राइट एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित की गिरफ्तारी कर पुलिस पूछताछ कर रही है। कोतवाल नानपारा मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुटी है। काफी दिनों से चल रहा खेल काफी दिनों से नकली कृषि रक्षा रसायनों का कारोबार चल रहा है। इससे पूर्व में भी कई बार कृषि विभाग की टीम की ओर से छापामारी की गई है। ठोस कार्रवाई न होने से दुकानदार किसानों को लूट ही नहीं रहे, प्रतिष्ठित कंपनियों की साख पर भी बट्टा लगा रहे हैं।

Posted By: **Jagran**

Source: [https://www.jagran.com/uttar-pradesh/bahraich-dake-insecticide-bussiness-19157190.html](https://www.jagran.com/uttar-pradesh/bahraich-dake-insecticide-bussiness-19157190.html)